>

Title: Need to allocate funds to control flood in Assam and implement project of inter-linking of rivers.

श्री दिलीप साईकिया (मंगलदाई): अध्यक्ष महोदय, असम में बाढ़ की चर्चा हो गई है । 251 करोड़ रुपये एसडीआरएफ के तहत सैंक्शन हुआ है । इस बाढ़ से निपटने के लिए एक हजार करोड़ रुपये दिए जाएं, यह मेरी मांग है ।

दूसरी बात, वाजपेयी जी के समय इंटर लिंकिंग की एक अच्छी पहल की गई थी । अगर इंटर लिंकिंग ऑफ रिवर्स होता है, जहां एक तरफ ड्रॉउट हो रहा है और दूसरी तरफ फ्लड हो रहा है । एक तरफ पानी की प्रोबल्म है तो दूसरी तरफ पीने के पानी की प्रोबल्म है, यह दोनों सोल्व हो सकती हैं । इंटर लिंकिंग प्रोजेक्ट्स को शुरू किया जाए ।

हमारी कंस्टीट्यूएंसी में कुरवा एक जगह है, वहां ब्रह्मपुत्र नदी ने इम्बैंकमेंट तोड़ दिया है । वहां एक बड़ा ब्रिज बनाने की स्कीम थी । कुरवा नारंगी ब्रिज ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर बनाने का काम जल्द शुरू की जाए, यही मेरा निवेदन है ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री दिलीप साईकिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।